केंन्द्रीय विद्यालय उत्तर लखीमपुर
"विद्यार्थियों की शैक्षिक,खेल एवं अन्य गतिविधियों में उपलब्धियां"

विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां:-

विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच एवं कौशल को बढावा देने हेतु केंद्रीय विद्यालय उत्तर लखीमपुर सदैव विद्यार्थियों को प्रेरित करने में अग्रणी है साथ ही विज्ञान के नूतन प्रयोग एवं नवाचारों से अवगत कराने हेतु क्रियाकलापों एवं गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों पर भाग लेने हेतु तैयार भी करता है।

विज्ञान एवं तकनीक को बढावा देने हेतु विभिन्न क्रियाकलापों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने 2019 पूरे वर्ष प्रतिभाग किया और उत्तम परिणाम दिया।

सातवीं जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने विद्यालय स्तर पर प्रतिभाग किया उनमें से 6 विद्यार्थी के.वि.सं. द्वारा आयोजित सम्भागीय स्तर "जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी " -2019 के,वि.आई.आई.टी.गुवाहाटी में प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता में अंगराग बारकाकोती कक्षा -6के विद्यार्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तत्पश्चात इस विद्यार्थी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता अहमदाबाद ,गुजरात में भाग लिया।

*विज्ञान सम्बंधित अन्य आयोजनों में केंद्रीय विद्यालय उत्तर लखीमपुर में 27वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस-2019 का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों नेप्रतिभाग किया जिसमें चार विद्यार्थी सम्भागीय स्तर पर प्रतिभाग हेतु चुने गये।उक्त चार विद्यर्थियों ने के .वि. मालीगांव गुवाहाटी सम्भाग में आयोजित सम्भागीय स्तर प्रतियोगिता “27वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस-2019” में भाग लिया।इन विद्यार्थियों ने चार भिन्न-भिन्न प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया जिसमें पारिस्थितिकी ,धन अपव्यय ,पारम्परिक ज्ञान प्रणाली आदि विषय सम्मिलित किये गये।सम्भागीय स्तर इस प्रतियोगिता में मानशी बोरा कक्षा-11 वीं की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता -2019 भोपाल में प्रतिभाग किया ।